JHARKHAND
ACADEMIC COUNCIL

MODEL QUESTION PAPER

2023

aglasem.com

झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद,राँची

MODEL SET PATTERN

FOR EXAMINATION YEAR - 2023

कक्षा - 8

विषय – सामाजिक विज्ञान (वस्तुनिष्ठ)

समय – 1 घंटा **पूर्णांक -50**

सामान्य निर्देश :-

1. आप अपना नाम, रौल कोड, अनुक्रमांक, पंजीयन संख्या, परीक्षा की तिथि, पाली, विभाग तथा विषय का नाम OMR उत्तर-पत्रक में दी गई जगह पर लिखें | आप अपना पूरा हस्ताक्षर OMR उत्तर-पत्रक में दी गई जगह पर करें |
2. कुल 50 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं |
3. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं | प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है |
4. प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्प दिए गए हैं | इनमें से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनकर उसे अलग से दिए हुए OMR उत्तर-पत्रक पर सही गोले को काला कर [•] उत्तर को सूचित कीजिए | नीला या काला बॉल-पॉइंट कलम का ही प्रयोग करें | पेंसिल का प्रयोग वर्जित है |
5. परीक्षा भवन छोड़ने से पहले OMR उत्तर-पत्रक वीक्षक को लौटा दीजिए | प्रश्नपत्र आप अपने साथ ले जा सकते हैं |

- ऊपर वर्णित निर्देशों का ध्यानपूर्वक पालन कीजिए अन्यथा आपका उत्तर-पत्रक अमान्य होगा और उसकी जाँच नहीं की जाएगी |

1. भारत के पहले गवर्नर जनरल कौन थे?

(क) लॉर्ड कार्नवालिस (ख) लॉर्ड डलहौजी

(ग) लॉर्ड माउंटबेटन (घ) वारेन हेस्टिंग्स

2. जेम्स मिल कहाँ का निवासी था?

(क) इंग्लैंड (ख) स्कॉटलैंड

(ग) फ्रांस (घ) जर्मनी

3. राज्य हड़प नीति किसने शुरू की?

(क) लॉर्ड कार्नवालिस (ख) लॉर्ड डलहौजी

(ग) लॉर्ड वेलेजली (घ) लॉर्ड माउंटबेटन

schools.aglasem.com

aglasem.com

4. टीपू सुल्तान कहाँ का शासक था?

(क) बंगाल (ख) अवध

(ग) मैसूर (घ) हैदराबाद

5. रैयतवाड़ी व्यवस्था किस क्षेत्र में लागू की गई थी?

(क) बंगाल (ख) बिहार

(ग) मद्रास और मुंबई (घ) दिल्ली और पंजाब

6. महालवाड़ी व्यवस्था किसने तैयार की?

(क) लॉर्ड कार्नवालिस (ख) लॉर्ड रिपन

(ग) लॉर्ड वेलेजली (घ) होल्ट मेकेंजी

7. कोल विद्रोह कब हुआ था?

(क) 1831-32 ई० (ख) 1855 ई०

(ग) 1895 ई० (घ) 1857 ई०

8. संथाल विद्रोह का नेतृत्व किसने किया?

(क) बिरसा मुंडा (ख) सिद्धू-कान्हू

(ग) तिलका माँझी (घ) नीलांबर-पीतांबर

9. भारत में पहली सूती कपड़ा मिल कहाँ स्थापित हुई?

(क) मद्रास (ख) मुंबई

(ग) बंगाल (घ) सूरत

10. 1857 की क्रांति को और किस नाम से जाना जाता है?

(क) सिपाही विद्रोह (ख) हुल विद्रोह

(ग) उलगुलान (घ) कोल विद्रोह

11. 1857 की क्रांति का नेतृत्व राँची में किसने किया?

(क) बिरसा मुंडा (ख) विश्वनाथ शाहदेव

(ग) सिद्धू-कान्हू (घ) नीलांबर-पीतांबर

schools.aglasem.com

aglasem.com

12. शांतिनिकेतन की स्थापना किसने की?

(क) महात्मा गांधी (ख) रवींद्रनाथ टैगोर

(ग) बंकिम चंद्र चटर्जी (घ) सुभाष चंद्र बोस

13. भारतीय शिक्षा का मैग्नाकार्टा कहा जाता है-

(क) मैकाले की शिक्षा नीति को

(ख) चार्ल्स वुड के नीति पत्र को

(ग) विलियम जॉन्स की शोध-पत्रिका को

(घ) विलियम एडम की रिपोर्ट को

14. सती प्रथा को दूर करने का श्रेय किसको है?

(क) लॉर्ड कैनिंग (ख) लॉर्ड कर्जन

(ग) लॉर्ड कार्नवालिस (घ) लॉर्ड विलियम बेंटिक

15. हिंदू विधवा पुनर्विवाह अधिनियम किस वर्ष लागू हुआ?

(क) 1829 ई० (ख) 1872 ई०

(ग) 1856 ई० (घ) 1899 ई०

16. आर्य समाज की स्थापना किसने की?

(क) केशव चंद्र सेन (ख) स्वामी विवेकानंद

(ग) दयानंद सरस्वती (घ) राजा राममोहन राय

17. निम्न में से कौन पारसी समाज के अग्रणी समाज सुधारक थे?

(क) सर सैय्यद (ख) ज्योति राव फूले

(ग) दादा भाई नौरोजी (घ) आत्माराम पांडुरंग

18. बंगाल विभाजन के समय भारत का गवर्नर जनरल कौन था?

(क) लॉर्ड कर्जन (ख) लॉर्ड मिंटो

(ग) लॉर्ड इर्विन (घ) लॉर्ड मांटेग्यू

19. 'करो या मरो' का नारा किसने दिया?

(क) बाल गंगाधर तिलक (ख) महात्मा गांधी

schools.aglasem.com

aglasem.com

(ग) भगत सिंह (घ) सुभाष चंद्र बोस

20. 1928 ई० में ओलंपिक में हॉकी का स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम के कप्तान कौन थे?
(क) मेजर ध्यानचंद (ख) रूप सिंह
(ग) बलवीर सिंह (घ) जयपाल सिंह मुंडा

21. विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान किस देश का है?
(क) संयुक्त राज्य अमेरिका (ख) ब्रिटेन
(ग) भारत (घ) चीन

22. संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों की संख्या कितनी है?
(क) 7 (ख) 6 (ग) 8 (घ) 5

23. भारत एक संप्रभु राष्ट्र कब बना?
(क) 15 अगस्त 1947 (ख) 26 जनवरी 1950
(ग) 2 अक्टूबर 1869 (घ) 15 नवंबर 2000

24. लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव कितने वर्षों के अंतराल पर होते हैं?
(क) 4 वर्ष (ख) 6 वर्ष (ग) 5 वर्ष (घ) 2 वर्ष

25. भारत की प्रथम महिला राष्ट्रपति का क्या नाम है?
(क) द्रौपदी मुरमू (ख) प्रतिभा सिंह पाटिल
(ग) सरोजिनी नायडू (घ) इंदिरा गांधी

26. स्वतंत्रता के पश्चात भारत में प्रथम आम चुनाव किस वर्ष हुआ था?
(क) 1952 (ख) 1947 (ग) 1950 (घ) 1953

27. लोकसभा में सदस्यों की अधिकतम संख्या कितनी निश्चित की गई है?
(क) 543 (ख) 545 (ग) 552 (घ) 250

28. भारत का शीर्ष न्यायालय कौन-सा है?
(क) उच्च न्यायालय (ख) सर्वोच्च न्यायालय
(ग) जिला अदालत (घ) अधीनस्थ न्यायालय

schools.aglasem.com
aglasem.com

29. देश में उच्च न्यायालयों की कुल संख्या कितनी है?

(क) 28 (ख) 22 (ग) 24 (घ) 35

30. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के द्वारा अस्पृश्यता का उन्मूलन किया गया है?

(क) 17 (ख) 15 (ग) 29 (घ) 30

31. झारखंड में कुल कितने प्रकार की जनजातिया निवास करती हैं?

(क) 24 (ख) 26 (ग) 30 (घ) 32

32. सर्व शिक्षा अभियान की शुरुआत कब की गई थी?

(क) 1998- 1999 (ख) 1999- 2000

(ग) 2000 -2001 (घ) 2001- 2002

33. कौन-सी योजना गरीब महिलाओं को नि:शुल्क एलपीजी (गैस) कनेक्शन उपलब्ध कराने से संबंधित है?

(क) प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना

(ख) प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना

(ग) सुकन्या समृद्धि योजना

(घ) प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना

34. विश्व तंबाकू निषेध दिवस किस तिथि को मनाया जाता है?

(क) 31 जुलाई (ख) 31 मई

(ग) 31 मार्च (घ) 30 अप्रैल

35. सरकार ने बच्चों से संबंधित समस्याओं की शिकायत के लिए एक हेल्पलाइन नंबर शुरू किया है इस चाइल्ड हेल्पलाइन का नंबर क्या है?

(क) 1091 (ख) 1967 (ग) 1098 (घ) 1950

36. कोयला किस प्रकार का संसाधन है?

(क) नवीकरणीय (ख) चक्रीय (ग) अजैव (घ) जैव

37. जिस संसाधन का उपयोग किया जा रहा हो तथा जिसकी मात्रा भी ज्ञात हो वैसे संसाधन को क्या कहते हैं?

schools.aglasem.com

aglasem.com

(क) संभाव्य (ख) वास्तविक

(ग) अज्ञात (घ) परिवर्तनशील

38. निम्न में से कौन नवीकरणीय संसाधन है?

(क) कोयला (ख) पेट्रोलियम

(ग) जल (घ) प्राकृतिक गैस

39. झारखंड में स्थित एकमात्र राष्ट्रीय उद्यान 'बेतला नेशनल पार्क' किस जिले में है?

(क) पलामू (ख) सिमडेगा

(ग) लातेहार (घ) गुमला

40. निम्न में से कौन मृदा संरक्षण का एक उपाय नहीं है?

(क) वनोन्मूलन (ख) समोच्च रेखीय जुताई

(ग) रक्षक मेखला (घ) फसल आवर्तन

41. झारखंड में कुल भूमि का कितना प्रतिशत वनाच्छादित है?

(क) 33% (ख) 29% (ग) 22% (घ) 40%

42. आणविक ऊर्जा के उत्पादन के लिए निम्न में से किसका उपयोग किया जाता है?

(क) यूरेनियम (ख) कोयला (ग) जल (घ) पवन

43. भारत में कोयला उत्खनन सर्वप्रथम कहाँ किया गया था?

(क) झरिया (ख) रानीगंज

(ग) कर्णपुरा (घ) सिंगरौली

schools.aglasem.com

aglasem.com

44. निम्न में से कौन 'सुनहरा रेशा' के नाम से जाना जाता है?

(क) कपास (ख) पटसन (ग) गन्ना (घ) सोना

45. उत्तर पूर्वी भारत में स्थानांतरित कृषि को किस नाम से जाना जाता है?

(क) लदांग (ख) मिल्पा (ग) रोका (घ) झूम

46. चीनी उद्योग का कच्चा माल है-

(क) गन्ना (ख) चुकंदर

(ग) पटसन (घ) क एवं ख दोनों

47. उद्योग किस प्रकार की आर्थिक क्रिया है?

(क) प्राथमिक (ख) द्वितीयक

(ग) तृतीयक (घ) चतुर्थक

48. झारखंड का 'मुरी' किस उद्योग के लिए प्रसिद्ध है?

(क) एलुमिनियम (ख) तांबा

(ग) लोहा-इस्पात (घ) सीमेंट

49. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत का जनसंख्या घनत्व कितना है?

(क) 14 (ख) 382 (ग) 414 (घ) 350

50. निम्न में से कौन जनसंख्या परिवर्तन का कारण नहीं है?

(क) जन्म (ख) मृत्यु

(ग) प्रवास (घ) जनसंख्या घनत्व

schools.aglasem.com

AglaSem Earn while Learn Program. Send your papers and get paid.
Contact: support@aglasem.com aglasem.com